समाचार

स्वच्छता महाअभियान

अभियान के तीसरे दिन आज वार्ड क्र. 22 शिवाजीनगर एवं वार्ड क्र. 23 रविशंकर नगर में चलाई गई मेगा स्वच्छता ड्राईव

(आयुक्त श्री आशुतोष पाण्डेय ने विभिन्न बस्तियों, आवासीय क्षेत्रों, मुख्य मार्गो का पैदल भ्रमण कर साफ–सफाई कार्यो का लिया जायजा, घर–घर पहुंचकर स्वच्छता कार्यो की ली जानकारी, शहर की स्वच्छता में सबकी सहभागिता का किया आव्हान)

कोरबा 28 जनवरी 2025 –स्वच्छता महाअभियान के तीसरे दिन आज नगर पालिक निगम कोरबा के वार्ड क्र. 22 शिवाजीनगर एवं वार्ड क्र. 23 पं.रविशंकर शुक्ल नगर में मेगा स्वच्छता ड्राईव संचालित की गई तथा व्यापक पैमाने पर साफ–सफाई के कार्य कराए गए। आयुक्त श्री आशुतोष पाण्डेय ने अधिकारियों की टीम के साथ उक्त वार्डो की विभिन्न बस्तियों, आवासीय क्षेत्रों, मुख्य मार्गो, संपर्क सड़कों, गली मोहल्लों में पैदल भ्रमण कर स्वच्छता कार्यो का जायजा लिया, घर–घर जाकर निगम के साफ–सफाई कार्यो की जानकारी ली तथा शहर की स्वच्छता में सबकी सहभागिता का आव्हान किया। इस मौके पर निगम के अपर आयुक्त श्री विनय मिश्रा भी उपस्थित थे।

नगर पालिक निगम कोरबा के प्रशासक व कलेक्टर श्री अजीत वसंत के मार्गदर्शन एवं आयुक्त श्री आशुतोष पाण्डेय के दिशा निर्देशन में नगर पालिक निगम कोरबा द्वारा निगम क्षेत्र के वार्डो में क्रमशः निर्धारित कार्यक्रम अनुसार स्वच्छता का महाअभियान संचालित किया जा रहा है। विगत 25 जनवरी से प्रारंभ हुए इस महाअभियान के तीसरे दिन आज वार्ड क्र. 22 शिवाजीनगर व 23 पं.रविशंकर शुक्ल नगर में मेगा स्वच्छता ड्राईव चलाई गई। इस दौरान निगम कालोनी, एचआईजी आवासगृह, सुभाष नगर, कटहल गार्डन के पीछे एमपी नगर, शिवाजीनगर, पं.रविशंकर शुक्ल नगर, कृष्णानगर सहित इन वार्डों की विभिन्न बस्तियों, मोहल्लों, मुख्य व आंतरिक सड़कों में वृहद पैमाने पर साफ–सफाई के कार्य कराए गए, नाले–नालियों की सफाई, सड़क किनारे की बर्म व झाड़ियॉं, धूल, मिट्टी के टीले आदि की सफाई करते हुए उत्सर्जित कचरे का तुरंत उठाव व परिवहन आदि के कार्य

एक अभियान के रूप में संपादित कराए गए। आयुक्त श्री आशुतोष पाण्डेय ने निगम के अधिकारियों के साथ उक्त दोनों वार्डो के विभिन्न आवासीय क्षेत्रों व गली मोहल्लों में पैदल भ्रमण कर किए जा रहे साफ–सफाई कार्यो का सघन रूप से जायजा लिया तथा बेहतर कार्यो हेतु अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। इस दौरान स्वच्छता अभियान में संलग्न अधिकारियों ने सड़क के किनारे डम्प किए गए सी.एण्ड डी.वेस्ट को संज्ञान में लेते हुए संबंधित लोगों को समझाईश दी कि वे भवन निर्माण सामग्री व अन्य सी.एण्ड डी.वेस्ट सड़क पर डम्प न करें, इससे आमनागरिकों को आवागमन करने में असुविधा का सामना करना पड़ता है, साथ ही नियमों का उल्लंघन होता है, अतः सामग्रियों को हटाएं तथा सी.एण्ड डी.वेस्ट का नियमानुसार समापन व प्रबंधन करना सुनिश्चित करें।

घरों में पहुंचकर नियमित स्वच्छता कार्यो की जानकारी – इस दौरान आयुक्त श्री पाण्डेय ने रेड्मली लगभग दर्जन घरों में पहुंचकर निगम द्वारा नियमित रूप से कराए जा रहे साफ–सफाई कार्यो व सफाई व्यवस्था के संबंध में वहॉ के रहवासियों से जानकारी ली। उन्होने बस्तीवासियों से पूछा कि कचरा लेने के लिए नियमित रूप से रिक्शा उनके घरों में आता है या नहीं, सड़क, नाली की साफ–सफाई होती है या नहीं, जिस पर बस्तीवासियों ने बताया कि निगम की स्वच्छता दीदियॉ नियमित रूप से निर्धारित समय पर अपना रिक्शा लेकर कचरा लेने के लिए उनके घर पहुंचती है तथा सड़कों में नियमित झाड़ू लगाने के साथ ही नालियों की सफाई भी की जाती है।

स्वच्छता अभियान के दौरान निगम के अपर आयुक्त विनय मिश्रा के साथ ही उपायुक्त बी.पी.त्रिवेदी, कार्यपालन अभियंता ए.के.शर्मा, अखिलेश शुक्ला, प्रकाश चन्द्रा, स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. संजय तिवारी, राहुल मिश्रा, विनोद गोंड़, आकाश अग्रवाल, गोयल सिंह विमल, रमेश सूर्यवंशी, किरण साहू, प्रमोद जगत, रामप्रसाद मिर्री, रामू पाण्डेय सहित निगम के अन्य अधिकारी कर्मचारीगणों, सफाई मित्रों, स्वच्छता दीदियों ने अपनी सहभागिता प्रदान की।